>

Title: Need to increase the height of Gaid dam on Gandak river and its dredging to prevent floods on the Bihar side of the railway-cum-road bridge.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): महोदया, बिहार, उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा में गण्डक नदी पर रेल सह सड़क पुल का निर्माण भारत सरकार के जल संसाधन एवं रेल मंत्रालय तथा दोनों राज्यों की संयुक्त निधि से हुआ है। पुल निर्माण के क्रम में गण्डक नदी के पानी को एकत्रित करने के लिए गाईड बांध भी बनाया गया है जो उत्तर प्रदेश की सीमा छितौनी की तरफ लंबा एवं बिहार सीमा की तरफ छोटा बना जिसके कारण प्रतिवर्ष बाढ़ के दिनों में गण्डक नदी से बिहार की सीमा में पश्चिम चम्पारण जिले के प्रखण्ड बगहा-1 एवं प्रखंड बगहा-2 का शहरी क्षेत्र बगहा नगर परिषद् क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी कटाव होता है जिससे जान माल की क्षति बड़े पैमाने पर होती है। इस रेल सह सड़क पुल में गण्डक नदी में पानी को प्रवाहित करने हेतु 14 वेन्ट्स बनाया गया है। वर्तमान में इस 14 वेन्ट्स में नौ-दस वेन्ट्स से ही गण्डक नदी का पानी बिहार की सीमा बगहा शहर की तरफ प्रवाहित हो रहा है तथा लगभग चार-पांच वेन्ट्स में सिल्ट भर जाने से पानी प्रवाहित नहीं हो पा रहा है। इस कारण भी बिहार के बगहा शहर की तरफ कटाव हो रहा है। यदि पुल के चार-पांच वेन्ट्स से सिल्ट की सफाई नहीं कराई गई और बिहार की सीमा में ग्राम महदेवा से भईसरिया, कांटी, नरायणपुर, शास्त्रीनगर, आनंद नगर, गोरिया पट्टी होते हुए पुअर हाऊस, रजवटिया तक गाईड बांध की लंबाई नहीं बढ़ाई गई तो किसी भी समय बगहा शहर गण्डक नदी के गर्त में चला जाएगा। इसके साथ ही रेल सह सड़क पुल पर भी खतरा हो सकता है।

अतः मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि बिहार की सीमा में करीब 10 किलोमीटर तक गाईड बांध की लंबाई बढ़ाई जाए और साथ ही पुल के वेन्ट्स से सिल्ट की सफाई शीघ्र कराई जाए।